राज्य सरकार ने गया एयरपोर्ट पर घटाया VAT

चर्चा में क्यों?

20 सितंबर, 2022 को एयरपोर्ट कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार ने गया एयरपोर्ट पर विमानों को ईंधन लेने में बड़ी सहूलियत देते हुए अपने हिस्से के वैट चार्ज को 29 प्रतिशत से घटाकर मात्र चार प्रतिशत कर दिया है।

प्रमुख बिंदु

- राज्य सरकार ने गया व बोधगया में देशी-विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा करने व गया एयरपोर्ट के रास्ते ज़्यादा-से-ज़्यादा यात्रियों की आवाजाही बढ़ाने को लेकर यह निर्णय लिया है। इससे गया व बोधगया को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। विमानों की आवाजाही बढ़ने से गया एयरपोर्ट को भी लाभ होगा और विमानों के लैंडिंग चार्ज के रूप में आमदनी बढ़ेगी।
- राज्य सरकार के इस निर्णय से गया एयरपोर्ट पर विमानों को सस्ता ईंधन मिल पाएगा और इस कारण यहाँ ईंधन लेने के लिये दूसरे रूट के विमानों की भी आवाजाही बढ़ जाएगी। मुख्यरूप से घरेलू विमानों के गया एयरपोर्ट तक पहुँचने से यात्रियों की आवाजाही भी बढ़ सकती है।
- ज़्यादातर विमान, जो दूसरे रूट से भी आवाजाही कर रहे हैं, वह सस्ता ईंधन लेने के लिये गया एयरपोर्ट पर लैंड करेंगे और गया एयरपोर्ट का रूट तय करेंगे। इससे गया आने व गया से बाहर जाने वाले यात्रियों को लाभ होगा। घरेलू विमानों की आवाजाही बढ़ जाएगी और गया एयरपोर्ट देश के कई बड़े शहरों से जुड़ जाएगा। यहाँ तक कि बैंकॉक से कोलकाता के लिये उड़ान भरने वाले विमान भी वाया गया का रूट पसंद करेंगे।
- गया में ईंधन लेने से विमानों को एक हज़ार लीटर ईंधन पर कम-से-कम 20 हज़ार रुपए की बचत होगी। अमूमन कोई भी विमान ईंधन रिफिलिंग के वक्त दो हज़ार लीटर के करीब फ्यूल लेती हैं। इस तरह विमानन कंपनियों को एक बार ईंधन लेने में कम-से-कम 40 हज़ार रुपए की बचत होगी। इसका लाभ उठाने के लिये अब चेन्नई से दिल्ली व दिल्ली से कोलकाता के लिये उड़ान भरने वाले विमान भी गया एयरपोर्ट का रूट ही पसंद करेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-government-reduced-vat-at-gaya-airport